दिनांक : 19.08.2024 समय : 07.10 pm

मुख्य समाचार

- भाई-बहनों के प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का पर्व पूरे देश में उत्साह और परम्परागत रूप से मनाया गया।
- सावन के अंतिम सोमवार को शिव मंदिरों में रही भक्तों की भीड़ रही, उज्जैन में निकली भगवान महाकाल की शाही सवारी।
- देश में मंकीपॉक्स का कोई मामला नहीं, केन्द्र सरकार ने राज्यों को सतर्क रहने के दिए निर्देष।
- प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट के लिए 21 अगस्त तक लिए जाएंगे नामंकन।

## रक्षा बंधन पर्व

भाई-बहनों के प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का त्योहार पूरे देश में उत्साह और परम्परागत रूप से मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर रंग-बिरंगी राखी बांधकर उनकी समृद्धि की कामना की। वहीं भाईयों ने बहनों को उपहार भेट कर उनकी रक्षा का वचन दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई केन्द्रीय मंत्रियों ने रक्षाबंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रक्षाबंधन पर्व पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने बधाई संदेश में कहा कि यह पर्व भाई-बहन के आपसी प्रेम, विश्वास, सद्भाव और सुरक्षा का उत्सव है। केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री

शिवराज सिंह चौहान, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने भी रक्षाबंधन पर प्रदेश वासियों को शुभाकामनाएं दी है।

**शाही सवारी**

सावन के अंतिम सोमवार को प्रदेश भर के शिव मंदिरों में आज भक्तों की भीड़ रही। सुबह से ही शिवालयों में पूजा अर्चना के लिए श्रधालु बड़ी संख्या में पहुचे। इस अवसर पर उज्जैन स्थित भगवान महाकालेश्वर की शाही सवारी निकाली गई। इस शाही सवारी में सीआरपीएफ और आर्मी बैण्ड इस सवारी के मुख्य आकर्षण रहें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी महाकाल की शाही सवारी में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि।

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बाइट...*

इससे पहले सुबह भगवान महाकालेश्वर को सवा लाख लड्डूओ का भोग लगाया गया और रक्षाबंधन के पावन पर्व पर राखी बांधी गई। **रायसेन** जिले के भोजपुर शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सावन के अखिरी सोमवार को पूजा अर्चना की। इस अवसर पर यहां विशाल शिवलिंग को सजाया गया। **खंडवा** जिले में भगवान ओंकारेश्वर एवं ममलेश्वर की सवारी निकाली गई। भक्तों ने भगवान ओंकारेश्वर की रजत प्रतिमा का दुग्ध अभिषेक किया। वही **आगरमालवा** में प्राचीन शिवालय श्रीबैजनाथ महादेव का राखियों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। बड़ी संख्या में श्रध्दालु यहां पहुंचे। औऱ उन्होने अभिषेक के साथ ही पूजा-अर्चना की। नर्मदापुरम, अशोकनगर, सतना में भी सावन माह के अंतिम सोमवार पर भक्तों ने मंदिरो में शिव की अराधना की।

**सी एम नागदा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रक्षाबंधन भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का प्रमुख त्यौहार माना जाता है। उन्होंने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सभी बहनों को सुख, समृद्धि और आत्म सम्मान से परिपूर्ण जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज उज्जैन जिले के नागदा की बादीपुरा-आजादपुरा में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि बादीपुरा-आजादपुरा की बहनों को आवासीय पट्टे दिये जायेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शक्ति, भक्ति से ही प्रेम की धारा निकलती है। हमारे देश-प्रदेश में अमन चैन रहे, हम सब नैतिकता, सज्जनता, ईमानदारी एवं भाईचारे से काम करते रहें। यही बात हमारे तीज त्यौहारों में छिपी है।

**सीतारमन - समीक्षा**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान वित्त मंत्री ने जमा वृद्धि, ऋण-से-जमा अनुपात और परिसंपत्ति गुणवत्ता की जानकारी हांसिल की, उन्होंने पीएम आवास योजना, पीएम सूर्य घर और पीएम विश्वकर्मा जैसी योजनाओं के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन का भी मूल्यांकन किया।

वित्त मंत्री ने बैठक के दूसरे चरण में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के प्रदर्शन की भी समीक्षा की।

**राज्यसभा निर्वाचन**

प्रदेश में राज्यसभा निर्वाचन के लिए 21 अगस्त तक नाम निर्देशन पत्र भरें जाएंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आज रक्षाबंधन अवकाश के चलते नाम निर्देशन पत्र नहीं लिए जाएंगे। श्री राजन ने बताया कि 22 अगस्त को नाम निर्देशन पत्रों की जांच की जाएगी। आवश्यक होने पर 3 सितंबर को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक मतदान होगा और इसी दिन परिणाम की घोषणा की जाएगी। उल्लेखनीय की केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद उन्होनें राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे से खाली हुई सीट पर ये चुनाव कराया जा रहा है।

**डॉ. शर्मा जयंती**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई नेताओ ने डॉ. शंकर दयाल शर्मा का स्मरण किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डॉ. शंकर दयाल शर्मा नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र की सेवा और समर्पण के लिए डॉ. शर्मा को सदैव याद किया जाएगा।

**केंद्र-एमपॉक्स समीक्षा**

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ पी.के. मिश्रा की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में देश में मंकीपॉक्स से निपटने की तैयारियों तथा जन स्वास्थ्य उपायों की स्थिति की समीक्षा की गई। इस बैठक में श्री मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंकीपॉक्स की स्थिति की लगातार निगरानी कर रहे हैं।

प्रधान सचिव ने सभी राज्यों से इस बीमारी का तत्काल पता लगाने के प्रभावी उपाय करने और इसकी निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि देश में फिलहाल मंकीपॉक्स का कोई मामला सामने नहीं आया है और इसके व्यापक स्तर पर फैलने का जोखिम भी कम है।

उधर, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अफ्रीका के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर मंकीपॉक्स के संक्रमण को देखते हुए 14 अगस्त को ही इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्वास्थ्य आपदा घोषित कर दिया।

**प्रदेश रक्षाबंधन**

प्रदेशभर मे रक्षाबंधन का त्यौहार अपूर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। रक्षाबंधन का पर्व प्रदेश उत्साह के साथ मनाया जा रहा है इस अवसर पर आज भोपाल में महिलाओं को स्मार्ट सिटी बसों में निःशुल्क यात्रा कराई जा रही है। **नर्मदापुरम** जिले में रक्षा बंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शहर के बाजार आकर्षक राखियों से सजे हैं। वहीं **आगरमालवा** जिले में भी रक्षाबंधन उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। **नीमच** जिले में रक्षाबंधन का त्यौहार

परम्परागत ढंग से मनाया जा रहा है। बाजार में सजी राखियों एवं मिठाई की दुकानों पर महिलाओं की अधिक भीड़ रही। सतना जिले में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास और परंपरागत तरीके से मनाया जा रहा है। **गुना** जिले में इस पर्व पर बहने भाई की कलाई पर राखी बांध कर उनका मुंह मीठा करा रही है। वही भाई बहनो को रक्षा का उपहार और रक्षा का वचन दे रहें हैं। **बड़वानी** में कलेक्टर डॉ राहुल हरिदास फटिंग ने आशाग्राम पहुंचकर कुष्ठ अंतवासी बहनों से राखी बंधवाई। और उन्हे उपहार भेंट किये।

राजधानी भोपाल के अलावा गुना, शिवपुरी, खंडवा सहित विभिन्न जिलो में बंदियों से मुलाकाल के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बहनो ने अपने भाईयों को राखी बांधी।

समाचार संक्षेप

- केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल इछावर में कहा कि देश की 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाया जाएगा।
- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने उज्जैन प्रवास के दौरान महाकालेश्वर मंदिर पहुँचकर सपरिवार महाकालेश्वर के दर्शन-पूजन किये।

मुख्य समाचार

- भाई-बहनों के प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का पर्व पूरे देश में उत्साह और परम्परागत रूप से मनाया गया।

- सावन के अंतिम सोमवार को शिव मंदिरों में रही भक्तों की भीड़ रही, उज्जैन में निकली भगवान महाकाल की शाही सवारी।
- देश में मंकीपॉक्स का कोई मामला नहीं, केन्द्र सरकार ने राज्यों को सतर्क रहने के दिए निर्देष।
- प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट के लिए 21 अगस्त तक लिए जाएंगे नामंकन।